# भारत में बुनियादी ढाँचे का विकास

## प्रलिम्सि के लिये:

बुनियादी ढाँचा, विद्युत, कोयला, पेट्रोलियम, सीमेंट, रेलवे, बंदरगाह, नागरिक उड्डयन, सड़कें, दूरसंचार, राष्ट्रीय राजमार्ग (NH), बायो-टॉयलेट, विमानन बाज़ार, क्षेत्रीय संपर्क योजना (RCS) - UDAN, स्मार्ट सिटीज़ मिशन (SCM), स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0, मेट्रो नेटवर्क, जल जीवन मिशन, राष्ट्रीय मुद्रीकरण योजना, शहरी चुनौती कोष, वैकल्पिक निवेश कोष (AIF),अवसंरचना परियोजना विकास निधि (IIPDF), SWAMIH फंड, PM स्वनिधि।

## मेन्स के लिये:

केंद्रीय बजट 2025-26 में बुनियादी ढाँचे को बढ़ावा। भारत में बुनियादी ढाँचे की स्थिति।

स्रोत: पी.आई.बी

## चर्चा में क्यों?

भारत ने पिछले दशक में बुनियादी ढाँचे के विकास में उल्लेखनीय प्रगति की है जो **आर्थिक विकास का आधार** है।

- भारत में कुल बुनियादी ढाँचा निवेश (पूंजीगत व्यय) **वर्ष 2023-24 में 10 लाख करोड़ रुपए** से बढ़कर **वर्ष 2025-26 में 11.2 लाख करोड़ रुपए** हो गया है।


## बजट 2025-26 में कौन सी बुनियादी ढाँचागत पहल की घोषणा की गई?

- **बुनियादी ढाँचे का वित्तपोषण:** राष्ट्रीय मुद्रीकरण योजना के तहत **अगले 5 वर्षों (2025-30)** में **10 लाख करोड़ रुपए** की संपत्ति का **मुद्रीकरण** किया जाएगा।
  - **'शहरों को विकास केंद्र के रूप में विकसित करना', 'शहरों का रचनात्मक पुनर्विकास' तथा 'जल एवं स्वच्छता'** के प्रस्तावों को क्रियान्वित करने के लिये **1 लाख करोड़ रुपए का** शहरी चुनौती कोष स्थापित किया जाएगा।
  - सरकार बुनियादी ढाँचे में वैकल्पिक निवेश कोष (AIF) के कराधान में निश्चितता प्रदान करेगी।
  - राज्यों को भारत अवसंरचना परियोजना विकास निधि (IIPDF) ऋण द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं का प्रस्ताव करना होगा।
- **रेलवे:** भारत का लक्ष्य चीन के बाद **विश्व में दूसरा सबसे बड़ा मालवाहक रेलवे बनना** और **स्वदेशी हाई-स्पीड 'बुलेट' ट्रेनें** बनाना है।
  - भारतीय रेलवे वित्त वर्ष 2025-26 में अपने नेटवर्क का **100% विद्युतीकरण** पूरा करने लेगा।
- **जहाज़ निर्माण:** सागरीय उद्योग को समर्थन देने, प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ावा देने और दीर्घकालिक वित्तपोषण के लिये **25,000 करोड़ रुपए का कोष** स्थापित किया जाएगा।
  - **बड़े जहाज़ों** को बुनियादी ढाँचे का दर्जा दिया जाएगा, जिससे वित्तीय लागत में 10 प्रतिशत तक की कमी आएगी।
    - बुनियादी ढाँचे का दर्जा **बेहतर वित्तपोषण, कर लाभ, सरकारी सहायता और कम नियामक बाधाओं को सक्षम** बनाता है।
  - चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिये भारतीय यार्डों में शिप ब्रेकिंग (Ship Breaking) के लिये **क्रेडिट नोट** शुरू किये जाएंगे।
    - **क्रेडिट नोट** का प्रयोग प्रायः तब किया जाता है जब कोई **खरीदार वस्तु लौटाता है।** इससे जहाज़ तोड़ने वाली कंपनियों को **टूटे हुए जहाज़ों** से प्राप्त **स्टील, ताँबा और एल्युमीनियम** जैसी **सामग्री को वापस करने या रीसाइकिल करने** में मदद मिल सकती है।
- **विमानन क्षेत्र:** UDAN योजना में **आगामी 10 वर्षों के लिये विस्तार** किया गया है तथा संशोधित UDAN योजना में **120 नए गंतव्य शामिल किये गए हैं**, जिससे **40 मिलियन और अधिक यात्रियों** को सेवा मिलेगी।
  - **बिहार** के **पटना और बिहटा (पटना में)** हवाईअड्डों के विस्तार के साथ-साथ नए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे भी विकसित किये जाएंगे।
- **आवासन: सरकार, बैंकों और निजी निवेशकों** के योगदान से **1 लाख अपूर्ण आवासन इकाइयों के निर्माण में तेज़ी लाने के लिये 15,000 करोड़ रुपए** का SWAMIH फंड **2** स्थापित किया जाएगा।
- **स्थानीय अर्थव्यवस्था: बैंकों से बेहतर ऋण** और **30,000 रुपए की सीमा के साथ UPI**-लिंक्ड क्रेडिट कार्ड प्रदान करने के लिये PM स्वनिधि में संशोधन किया जाएगा।


## भारत में बुनियादी ढाँचे के विकास की स्थिति क्या है?

- **राजमार्ग और सड़कें:** वर्ष 2024 तक **1,46,145 किमी.** क्षेत्र में विस्तृत [राष्ट्रीय राजमार्ग (NH)] के साथ भारत में **विश्व स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क है** (संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद)।
    - वर्ष **2024** में **संक्रियात्मक** [हाई स्पीड कॉरिडोर] में विस्तरण के साथ इनकी लंबाई बढ़कर **2,138 किमी. (2024)** हो गई है तथा राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण की गति **2.8 गुना बढ़ गई है** (वर्ष 2014-15 में 12.1 किमी./दिन से वर्ष 2023-24 में 33.8 किमी./दिन), और पूंजीगत व्यय **5.7 गुना बढ़ गया है** (2013-24)।
- **रेलवे:** दिसंबर 2023 तक, ब्रॉड-गेज पटरियों (जिन्हें बड़ी लाइन कहा जाता है और दो पटरियों के बीच की दूरी **5 फीट 6 इंच** होती है) का **93.83% विद्युतीकरण** कर लिया गया था**,** जो वर्ष **2014 में 21,801 किमी.** था।
    - वर्ष 2014 से 2023 की अवधि में **80,478 कोचों** में [बायो-टॉयलेट] की व्यवस्था की गई।
- **नागर विमानन:** भारत वैश्विक स्तर पर **तीसरा सबसे बड़ा घरेलू** [विमानन बाज़ार] है**, जहाँ संक्रियात्मक हवाई अड्डों की संख्या** 74 (2014) से बढ़कर **157 (2024)** हो गई है।
    - **[क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना (RCS)- UDAN]** के अंतर्गत दिसंबर, 2024 तक लगभग **147 लाख यात्रियों** को लाभ हुआ।

//




- **पत्तन और पोत परिवहन:** भारत में **12 प्रमुख पत्तन और 217 लघु/मध्यवर्ती पत्तन** हैं।
    - **कार्गो हैंडलिंग** क्षमता 800.5 मीट्रिक टन (2014) से बढ़कर **1,630 मीट्रिक टन (2024)** (87% वर्द्धन) हो गई, जिससे **अंतर्राष्ट्रीय शिपमेंट श्रेणी** में भारत की शिपिंग रैंक वर्ष **2014 के 44वें स्थान** से बढ़कर **22वें स्थान** पर पहुँच गई।
- **शहरी कार्य और आवासन:** [स्मार्ट सिटी मिशन (SCM)] के अंतर्गत लगभग 91% परियोजनाएँ पूरी कर ली गई हैं।
    - [स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0] के अंतर्गत शहरी अपशिष्ट संग्रहण में **97% की वृद्धि हुई है (वर्ष 2014-15 से वर्ष 2024-25 तक)** और इसके साथ ही इसी अवधि में अपशिष्ट प्रसंस्करण **18% से बढ़कर 78%** हो गया है।
    - वर्ष 2015 से वर्ष 2024 की अवधि में **[PMAY-U]** के अंतर्गत **118.64 लाख आवासों की स्वीकृति** दी गई।




- **मेट्रो रेल:** भारत का **मेट्रो नेटवर्क 248 किमी (2014) से बढ़कर 993 किमी (2024)** हो गया है, जिसमें **कमीशनिंग 0.68 किमी से बढ़कर 6 किमी/माह** हो गई है तथा मेट्रो शहरों की संख्या **5** से बढ़कर 23 हो गई है।
- **नल जल कनेक्शन:** जल जीवन मिशन ने फरवरी, 2025 तक ग्रामीण नल जल कवरेज को **3.23 करोड़ (17%) से बढ़ाकर 15.44 करोड़ (79.74%)** घरों तक पहुँचा दिया है।
- जल जीवन मिशन ने **1 फरवरी, 2025** तक, अतिरिक्त ग्रामीण घरों को नल के पानी के कनेक्शन का कुल कवरेज **15.44 करोड़ से अधिक घरों** तक पहुँच गया है, जो भारत में सभी ग्रामीण घरों का **79.74%** है। शुरुआत में, केवल **3.23 करोड़ (17%)** ग्रामीण घरों में नल के पानी के कनेक्शन थे।

## आधारभूत अवसंरचनाक्या है?

- **आधारभूत अवसंरचना: आधारभूत अवसंरचना(capex** ) से तात्पर्य किसी **व्यवसाय, क्षेत्र या राष्ट्र** के कामकाज के लिये आवश्यक **बुनियादी प्रणालियों** से है।
    - विद्युत, कोयला, पेट्रोलियम, सीमेंट, रेलवे, बंदरगाह, नागरिक उड्डयन, सड़क, साइबर सुरक्षा और दूरसंचार जैसे क्षेत्र बुनियादी ढाँचे का हिस्सा हैं।
- **विशेषताएँ:**
    - **दीर्घकालिक निवेश: इसमें बड़े पैमाने पर, दीर्घकालिक संरचनाएँ** जैसे विद्युत ग्रिड और परिवहन प्रणालियाँ शामिल होती हैं।
    - **सार्वजनिक उपयोगिताएँ और कार्य:** इसमें उपयोगिताएँ (जैसे, विद्युत, पानी) और सार्वजनिक कार्य (जैसे, **सड़क, रेलवे**) शामिल हैं।
    - **प्राकृतिक एकाधिकार:** उच्च प्रारंभिक लागत **प्रतिस्पर्द्धा आपूर्ति** को अकुशल बना देती है (उदाहरण के लिये, पावर ग्रिड)।
    - **गैर-व्यापारिक सेवाएँ:** पानी और विद्युत् जैसी सेवाओं को **सीमा पार** नहीं बेचा जा सकता।
    - **सार्वजनिक और निजी वस्तुएँ:** समाज को लाभ पहुँचाती हैं, लेकिन अक्सर **उपयोग शुल्क** की आवश्यकता होती है।
    - **उच्च डूबी हुई लागत (High-Sunk Costs):** एक बार निवेश कर दिए जाने के बाद, आधारभूत संरचना संबंधी परियोजनाओं में संसाधनों को, **सफलता या विफलता** के बावजूद, वापस नहीं पाया जा सकता।
- **सार्वजनिक सेवा के रूप में आधारभूत अवसंरचना:**
    - **गैर-प्रतिद्वंद्वी प्रकृति:** एक व्यक्ति के उपभोग से **दूसरों के लिये उपलब्धता कम नहीं** होती है।
    - **मूल्य बहिष्करण:** इन्हें शुद्ध सार्वजनिक वस्तुओं के विपरीत, **भुगतान के आधार** पर प्रदान किया जाता है।
- **सामाजिक अवसंरचना: अवसंरचना में अस्पताल और स्कूल** जैसी सामाजिक क्षेत्र की सुविधाएँ भी शामिल हैं, हालाँकि इनमें एकाधिकार संबंधी विशेषताएँ नहीं होती हैं।

## आधारभूत अवसंरचना के विकास के लिये सरकार की पहल क्या हैं?

- PM गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (NMP): **NMP** में **44 केंद्रीय मंत्रालयों और 36 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों** को शामिल किया गया

है।

- राष्ट्रीय लॉजिस्टिकिस नीति: वर्ल्ड बैंक लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस इंडेक्स (LPI) में भारत की रैंकिंग वर्ष 2018 के 44वें स्थान से 6 स्थान सुधरकर **वर्ष 2023 में 139 देशों में 38वें** स्थान पर पहुँच गई है।
- भारतमाला परियोजना: नवंबर, 2024 तक परियोजना के तहत कुल **18,926 किलोमीटर** सड़कें पूरी हो चुकी हैं।
- प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना: **वर्ष 2024-25** में **7,71,950** कि.मी सड़कें पूरी हुईं।
- **क्षेत्रीय संपर्क योजना (RCS)- उड़ान:** अब तक 619 RCS मार्गों पर परिचालन शुरू हो चुका है, जो**13 हेलीपोर्ट और 2 जल हवाई अड्डों सहित 88 हवाई अड्डों** को आपस में जोड़ता हैं।

## निष्कर्ष:

**भारत के आधारभूत अवसंरचना के विकास में सड़क, रेलवे, नागरिक उड्डयन और शहरी मामलों** में प्रगति के साथ उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। वित्तपोषण योजनाओं और परियोजना प्रस्तावों सहित सरकार की पहलों का उद्देश्य**आधारभूत अवसंरचना को और बढ़ावा देना है, जिससे यह आर्थिक विकास और नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता** में सुधार के लिये महत्त्वपूर्ण बन सके।

**दृष्टि मुख्य परीक्षा प्रश्न:**

**प्रश्न:** आधारभूत अवसंरचना का विकास भारत की समग्र सामाजिक-आर्थिक भलाई में किस प्रकार योगदान दे सकता है?

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न (PYQ)

### ??????????

**प्रश्न भारत में "सार्वजनिक कुंजी अवसंरचना" शब्द का प्रयोग किसके संदर्भ में किया जाता है? (2020)**

(a) डिजिटल सुरक्षा अवसंरचना
(b) खाद्य सुरक्षा अवसंरचना
(c) स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा का बुनियादी ढाँचा
(d) दूरसंचार और परिवहन अवसंरचना

**उत्तर: A**

---

**प्रश्न: 'राष्ट्रीय निवेश और बुनियादी ढाँचा कोष' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं? (2017)**

1. यह नीति आयोग का अंग है।
2. वर्तमान में इसके पास 4,00,000 करोड़ रुपए का कोष है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (d)**

---

### ??????

**प्रश्न. "अधिक तीव्र और समावेशी आर्थिक विकास के लिये बुनियादी ढाँचे में निवेश आवश्यक है।" भारत के अनुभव के आलोक में चर्चा कीजिये। (2021)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/infrastructure-development-in-india